प्रेषक,

जिलाधिकारी,
टिहरी गढवाल।

प्रेषित,

रजिस्ट्रार जनरल,
राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण,
प्रधान पीठ, नई दिल्ली।

संख्या 158/जिला गंगा समिति/एन.जी.टी.(2025–26) नई टिहरी दिनांक 09,जनवरी, 2026

विषयः– मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण नई दिल्ली में योजित मूल आवेदन संख्या 133/2025 सेन्टर फॉर हॉलिस्टिक डेवलपमेन्ट बनाम उत्तराखण्ड सरकार में दिनांक 06.11.2025 को पारित आदेशों के अनुपालन के संम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, नई दिल्ली में योजित मूल आवेदन संख्या–133/2025 सेन्टर फॉर हॉलिस्टिक डेवलपमेन्ट बनाम उत्तराखण्ड सरकार में दिनांक 06.11.2025 में पारित आदेशानुसार मा0 हरित प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया है कि आवेदक के अधिवक्ता द्वारा मुनीकीरेती, ऋषिकेश मे शिवानन्द आश्रम के समीप रीवाइन नाले के सामने नगर पालिका द्वारा एक कचरा संग्रहण केन्द्र का निमार्ण किया गया है, जो कि नाले पर अतिकमण होने का दावा किया गया है।

मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा उक्त स्थल का स्थलीय निरीक्षण करने तथा उक्त कचरा संग्रहण केन्द्र नाले पर है या नाले के प्रवाह में बाधा डाल रहा है और यदि आरोप सही पाया जाता है तो उचित सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश पारित किये गये थे।

उक्त के अनुपालन में उप जिलाधिकारी, नरेन्द्र नगर के पत्रांक–71/वाचक/राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण/ दिनांक 15.12.2025(संलग्न) के द्वारा अवगत कराया गया है कि नरेन्द्र नगर तहसील क्षेत्रान्तर्गत मौजा मुनिकीरेती में स्थान शिवानन्द आश्रम के बायी ओर स्थित द्वितीय नाले के ऊपर नगर पालिका परिषद मुनीकीरेती ढालवाला द्वारा कचरा संग्रहण केन्द्र बनाया गया था, उक्त कचरा संग्रहण केन्द्र से वर्षा के दौरान में नाले के प्रवाह में बाधा उत्पन्न हो रही थी, जिसके निराकरण हेतु नगर पालिका परिषद द्वारा उक्त कचरा संग्रहण केन्द्र को स्वयं हटा दिया गया है।

अतः मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेशों के अनुपालन के कम में प्रकरण में की गयी नवीनतम कार्यवाही की रिपोर्ट संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

(नितिका खण्डेलवाल)
जिलाधिकारी,
टिहरी गढवाल।

प्राप्ति दिनांक 16-12-25
प्रेषक,
टिहरी, टिहरी गढ़वाल

ADM/OC/DPO (N.G)

जिलाधिकारी
टिहरी गढ़वाल।
16/12/25

उपजिलाधिकारी
नरेन्द्रनगर।

सेवा में,

R.N.- 640 /ERK

पंजिका सं०-131 दिनांक-17/12/25

जिलाधिकारी
टिहरी गढवाल।

संख्या 71 वाचक / राष्ट्रीय हरित प्राधिकारण / 2025 दिनांक नरेन्द्रनगर दिसम्बर 15, 2025।

विषय-- **मा. राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण नई दिल्ली में योजित आवेदन संख्या 133 / 2025 सेन्टर फॉर हॉस्पीटल डेवलपमेन्ट बनाम उत्तराखण्ड सरकार में दिनांक 6.11.2025 को पारित आदेशों के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय टिहरी गढवाल के कार्यालय पत्र संख्या 148 / जिला गंगा समिति / ए.जी.ए.(2025--26) दिनांक नई टिहरी 5 दिसम्बर 2025 के अनुपालन में तहसीलदार नरेन्द्रनगर से जांच करवायी गयी।

तहसीलदार नरेन्द्रनगर के द्वारा अवगत कराया गया कि तहसील क्षेत्रान्तर्गत मौजा मुनिकीरेती में स्थान शिवानन्द आश्रम के बॉयी ओर स्थित द्वितीय नाले के ऊपर नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती ढालवाला द्वारा कचरा संग्रहण केन्द्र बना रखा था, उक्त कचरा संग्रहण केन्द्र से वर्षा ऋतु में नाले के प्रवाह में जो बाधा उत्पन्न होती थी, जिसके निराकरण हेतु नगर पालिका परिषद द्वारा उक्त कचरा संग्रहण केन्द्र को स्वयं हटा दिया गया है। प्रश्नगत कचरा संग्रहण केन्द्र लगे होने एवं हटाये जाने के बाद के मौका स्थल फोटोग्राप्स संलग्न किये जा रहे है।

अतएव वांछित आख्या महोदया की सेवा में सम्प्रेषित।

भवदीय

उपजिलाधिकारी
नरेन्द्रनगर। 15/12/2

सेवा मे,

श्रीमान तहसीलदार महोदय
नरेन्द्रनगर टि०ग०

विषय :- मा० राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण नई दिल्ली मे योजित मूलआवेदन संख्या 133/2025 सेन्टर फार हॉलिस्टिक डेवलपमेन्ट बनाम उत्तराखण्ड सरकार मे दिनांक 06.11.2025 को पारित आदेशो के अनुपालन के सम्बन्ध मे

महोदय, उपरोक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय टिहरी गढवाल के कार्यालय पत्र संख्या 148/जिला गंगा समिति/ एन०जी०टी० (2025-26) नई टिहरी दिनांक 05 दिसम्बर 2025 के अनुपालन मे जांच रिपोर्ट निम्नवत है -

कि तहसील नरेन्द्रनगर क्षेत्रान्तर्गत मौजा मुनिकीरेती मे स्थान शिवानन्द आश्रम के बायी ओर स्थित द्वितीय नाले के ऊपर नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला द्वारा कचरा संग्रहण केन्द्र बना रखा था, उक्त कचरा संग्रहण केन्द्र से अभी नाले का प्रवाह मे बाधा उत्पन्न नही हो रही थी किन्तु बर्षात के मौसम मे नाले का प्रवाह मे बाधा उत्पन्न हो सकती थी जिसे नगर पालिका परिषद द्वारा उक्त कचरा संग्रहण केन्द्र को स्वयं हटा दिया गया है. कचरा संग्रहण केन्द्र के हटने से पहले व हटने के बाद के फोटोग्राफ सलंग्न है।

अतः जांच रिपोर्ट महोदय की सेवा मे प्रेषित है।

उपजिलाधिकारी महोदय
की सेवामे सादर अग्रसारित

T. NNR
15.12.2025

15/12/25

राजस्व निरीक्षक-नरेन्द्रनगर
तहसील-नरेन्द्रनगर
टिहरी गढवाल

फोटोग्राफ - कचरा संग्रहण केन्द्र के हटाने से पहले का ↓

फोटोग्राफ - कचरा संग्रहण केन्द्र के हटाने के बाद का ↓

फोटो प्रमाणित,

सा०नि०नरेन्द्रनगर
15/12/2025